

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा सम्बन्धित को समस्या निस्तारण हेतु जरिये दूरभाष दिये गये आवश्यक निर्देश।

जनपद महोबा में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता,पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की जा रही है, जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में आज दिनांक 03.04.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं एवं समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावनी प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 03.04.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत थाना पनवाड़ी के विभिन्न संवेदनशील मतदान केन्द्र/मतदेय स्थलों में फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन किया गया।

## क्षेत्र में भयमुक्त माहौल बनाते हुए लोकतंत्र के महापर्व में मतदान के लिये किया गया जागरुक।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु की जा रही कार्यवाही के साथ-साथ जनपद में पारदर्शी, निष्पक्ष और शातिपूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार सहिता का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराये जाने तथा अवांछनीय गतिविधियों की रोकथाम तथा क्षेत्र में सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के क्रम में आज दिनांक 03.04.2024 को थाना पनवाड़ी पुलिस एवं केन्द्रीय पुलिस बल द्वारा थाना क्षेत्रअन्तर्गत विभिन्न संवेदशील मोहल्लो/ग्रामों, वल्नरेबिल/क्रिटिकल ग्रामों/मतदेय स्थलों में संयुक्त रुप से फ्लैगमार्च कर चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

इस दौरान थानाक्षेत्र की जनता से संवाद स्थापित कर आगामी लोकसभा चुनाव के सम्बंध मे मा0 निर्वाचन आयोग के आदेशों-निर्देशों से अवगत कराया गया तथा क्षेत्र में भयमुक्त माहौल बनाते हुए लोकतंत्र के महापर्व में जनता से निर्भीक होकर निष्पक्ष मतदान करने की अपील की गई।







## पुलिस अधीक्षक महोबा की पहल ला रही है रंग "ऑपरेशन मुस्कान" के तहत थाना चरखारी पुलिस टीम ने रास्ता भटक गयी 02 बच्चियों को उनके परिजनों से मिलाया, परिवार में लौटी खुशियां, भावुक होकर महोबा पुलिस के प्रति आभार जताया-

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक महोबा की पहल ऑपरेशन मुस्कान का दिख रहा असर अभियान के तहत आज दिनांक 03.04.2024 को क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थाना चरखारी में बने महिला हेल्पडेस्क/थाना चरखारी पुलिस टीम ने अपनी कर्तव्यपरायणता का परिचय देते हुए रास्ता भटक गई 02 बच्चियों को उनके परिजनों से मिलाने में सफलता हासिल कर अपने मानवीय कार्यों का परिचय दिया है।

आज दिनांक 03.04.2024 को थाना चरखारी पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि 02 बच्चियां क्रमशः कु. सखी उम्र करीब 10 वर्ष व कु. हरकुंवर उम्र करीब 16 वर्ष पुत्रीगण हरीराम सौर निवासीगण ग्राम पिपरा थाना घरगापुर जिला टीकमगढ म0प्र0 की निवासनी है जो अपने जीजा जयहिन्द निवासी ग्राम बेगाँव के घर जा रही थी जो अपना रास्ता भटक गयी थी। प्राप्त सूचना के अनुसार थाना चरखारी पुलिस टीम ने मौके पर जाकर दोनो बच्चियों को अपनी अभिरक्षा में लिया व थाना कार्यालय लाया गया| बच्चियों से महिला हेल्पडेस्क में नियुक्त म.का. रिचा उपाध्याय द्वारा वार्ता की गयी तो बालिकाओ द्वारा बताये गये उनके निवासित स्थान/सम्बन्धित थाने में सम्पर्क कर दोनो बच्चियों के परिवारीजनों को सूचित किया गया। इस प्रकार बच्चियों के पिता हरीराम पुत्र बलुआ सौर व परिवारीजन थाना चरखारी आये। थाना चरखारी की पुलिस टीम ने आवश्यक कार्यवाही कर बच्चियों को उनके परिवारीजनों के साथ थाना हाजा से ससम्मान रुखसत किया गया। गुमशुदा दोनो बच्चियों एवं उसके परिवारीजनों ने भावुक होकर महोबा पुलिस के प्रति आभार प्रकट किया है।



**पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट बैरियर का औचक निरीक्षण कर सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।**

**बैरियर चेक पोस्ट पर लगी ड्यूटी को चैक/ब्रीफ कर सीमा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की सघन चेकिंग करायी गयी, सतर्कता एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।**

जनपद महोबा में लोकतंत्र चुनाव के पर्व में किसी प्रकार से कोई अराजकतत्व व्यवधान न पैदा करने पाये इसके लिये पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपद महोबा के प्रत्येक इन्ट्री प्वाइंट में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जनपद महोबा को मिली सीएपीएफ की 02 कम्पनियां विभिन्न संवेदनशील स्थानों में जनपदीय पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमणशील हैं।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा आज दिनांक 03.04.2024 को क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे व थाना कोतवाली नगर महोबा की भारी पुलिस बल के साथ उ.प्र. एवं म.प्र. की सीमा पर स्थापित अन्तर्राज्यीय चेक पोस्ट बैरियर-पठा बैरियर थाना कोतवाली महोबा का औचक निरीक्षण करते हुए सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा बैरियर चेक पोस्ट पर लगी ड्यूटी को चैक/ब्रीफ कर सीमा क्षेत्र में सतर्कता एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। मध्य प्रदेश सीमा से जनपद महोबा में प्रवेश करने वाले संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की सघन चेकिंग करायी गयी, चेकिंग के दौरान सीमावर्ती क्षेत्र में महोबा पुलिस की चाक-चौबन्द सुरक्षा का विश्वास दिलाया गया।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 03.04.2024
महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

# गैस सिलेण्डर में आग की सूचना पर अग्निशमन केंद्र महोबा की यूनिट ने त्वारित कार्यवाही कर सिलेण्डर में लगी हुई आग पर पाया काबू।

आज दिनांक 03.04.2024 को अग्मिशमन केन्द्र महोबा को सूचना प्राप्त हुई कि नफीश मोहम्मद निवासी तकियापुरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा के घर में रखे गैस सिलेंडर मै आग लग गई है। सूचना के आधार पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्री देवेश तिवारी मय फायर टेण्डर के साथ मौक़े पर तत्काल पहुँचे, देखा कि घटना स्थल पहुंचने के लिये रास्ता बहुत सकरा है जिस पर अग्निशमन विभाग का फायर टेण्डर मौक़े पर नहीं पहुँच पा रहा था। घटना की गंभीरता को परखते हुए प्रभारी फायर सर्विस द्वारा तत्काल फायर टेण्डर में रखे प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों का प्रयोग करके गैस सिलिंडर की आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया किसी भी प्रकार की कोई भी जनहानि नहीं होने पायी। स्थानीय लोगों द्वारा अग्निशमन केन्द्र महोबा द्वारा की गयी इस त्वरित कार्यवाही की जमकर प्रशंसा की गयी है।





बचाव ही हमारा कर्तव्य है
उ० प्र० अग्निशमन सेवा

बचाव ही हमारा कर्तव्य है
उ० प्र० अग्निशमन सेवा